>

title: Regarding construction of an embankment on Ganges and Ramganga rivers.

श्री मुकेश राजपूत (फर्रूखाबाद) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया ।

महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र फर्रूखाबाद गंगा, रामगंगा और काली नदी के मध्य में बसा हुआ है । गंगा, रामगंगा और काली नदी में जब भी बाढ़ आती है तो वहां की उपजाऊ जमीन कटती है और साथ ही साथ कई गांव के गांव कट जाते हैं । यहां तक कि बच्चों के स्कूल्स भी कट जाते हैं । कई पूरे के पूरे गांव कट गए हैं ।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि ऐसा आदेश जाए कि जो गंगा, रामगंगा और काली नदी से जो गांव कटने वाले हैं, उनमें तटबंध बनाए जाएं, जिससे वे गांव बच सकें । सैंकडों एकड़ किसानों की उपजाऊ भूमि गंगा जी में, रामगंगा में और काली नदी में समा जाती है, इससे वहां के किसान भुखमरी के कगार पर आ जाते हैं और वहां से पलायन करके दिल्ली या अन्य महानगरों में आ जाते हैं ।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से अनुरोध है कि इन पर तटबंध बनाए जाएं, जिससे इनकी सुरक्षा हो सके । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री मुकेश राजपूत द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

श्री राहुल रमेश शेवाले (मुम्बई दक्षिण-मध्य) : अध्यक्ष महोदय, आपका धन्यवाद । मेरी यह रिक्वेस्ट है कि मैं जीरो ऑवर में दूसरे विषय पर बोलना चाहता हूं । मुंबई में जो भारी बारिश हुई है, मैं उसके ऊपर बोलना चाहता हूं ।

माननीय अध्यक्ष : आपको इजाजत है ।